
# टैनग्राम




यहां चौखानों की एक जाली दी गई है। पृष्ठ पर दिए गए चौखाने कागज़ पर इतना ही बड़ा एक चौकोर काट कर उसे एक पुट्ठे या गत्ते पर चिपका लो।

अब जाली में गहरी लाइनों से बनी आकृतियां अपने चौकोर में उतार लो। इन लाइनों पर काट कर सात टुकड़े बना लो। ये टुकड़े ऐसे दिखेंगे।


टैनग्राम से तुम कई तरह की आकृतियां बना सकते हो। 2 या 3 टुकड़ों से एक तिकोन बनाने की कोशिश करो। और कितनी तरह से तिकोन बनता है? बनाकर देखो। चतुर्भुज किस-किस तरह से बना सकते हो?

अब तुम ये आकृतियां बनाओ।




ये थोड़ी मुश्किल हैं पर फिर भी इन्हें बनाने की कोशिश करो।






● अब अपने मन से और आकृतियां बनाओ।

# क्षेत्रफल


यह  एक वर्ग सेंटीमीटर का वर्ग है। इसे 1 वर्ग से.मी. भी लिखते हैं।


 इस त्रिभुज का क्षेत्रफल आधा वर्ग सेंटीमीटर है। इसे $\frac{1}{2}$ वर्ग सेंटीमीटर भी लिखते हैं।


नीचे 6 बड़े डिब्बे दिए गए है। हर डिब्बे में कितने वर्ग सेंटीमीटर रंगे हैं? गिनकर लिखो।।





13 वर्ग से.मी.













नीचे दिए गए डिब्बों के ऊपर लिखे गए क्षेत्रफल में रंग भरो।


5 वर्ग से. मी.




7 वर्ग से. मी.




$11\frac{1}{2}$ वर्ग से. मी.






एक चौकोर की लंबाई 4 से.मी. और इसकी चौड़ाई 4 से.मी. हैं। मैंने इस चौकोर में एक खड़ी लाइन, एक आड़ी लाइन खींची तो 1 वर्ग सेंटीमीटर वाला एक छोटा चौकोर बना। अब तुम बिन्दु जोड़कर बाकी लाइन खींचो। बताओ इस चौकोर में 1 वर्ग सेंटीमीटर वाले कितने चौकोर बनेंगे?
इस चौकोर का क्षेत्रफल लिखो।



इस आकार की लंबाई 6 से.मी. और इसकी चौड़ाई 4 से.मी. हैं तो इस आकार में 1 वर्ग सेंटीमीटर वाले कितने चौकोर बनेंगे? बिन्दु जोड़कर चौकोर बनाओ।
इस आकार का क्षेत्रफल लिखो।


इस आयत की लंबाई 7 से.मी. और इसकी चौड़ाई 5 से.मी. हैं तो इस आयत में 1 वर्ग सेंटीमीटर वाले कितने चौकोर बनेंगे? बिन्दु जोड़कर चौकोर बनाओ।
इस आयत का क्षेत्रफल लिखो।



ऊपर दिए गए हर सवाल की लंबाई में चौड़ाई का गुणा करो। क्या यह गुणनफल वर्ग सेंटीमीटर की संख्या के बराबर है।


# इकाई – दहाई – सैकड़ा – हज़ार

दस इकाई की 1 दहाई – याद है न?
यानी 1 दहाई = 10 इकाई
(10 X 1 या 10)




10 इकाई = 1दहाई

10 दहाई मिलाकर 1 सैकड़ा या 1सौ बनाते हैं
1 सैकड़ा या 1सौ बराबर 10 दहाई
(10 X 10 या 100)




10 दहाई = 1 सैकड़ा




उसी तरह 100 को 10 बार जोड़ा जाए या
10 से गुणा करो तो एक हज़ार बनता है 1000
यानी एक हज़ार = 10 सैकड़े या 10 सौ
(10 X 100 = 1000)

10 सैकड़ा = 1 हज़ार


नीचे दिए गए चित्रों को देखो। इनमें कितने हज़ार, सैकड़ा, दहाई और इकाई हैं? इनसे कौन–सी संख्याएँ बताई गई हैं?




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | हज़ार | 4 | सैकड़ा | 5 | दहाई | 5 | इकाई |




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हज़ार | | सैकड़ा | | दहाई | | इकाई |




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हज़ार | | सैकड़ा | | दहाई | | इकाई |



| | हज़ार | | सैकड़ा | | दहाई | | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



| | हज़ार | | सैकड़ा | | दहाई | | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



| | हज़ार | | सैकड़ा | | दहाई | | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|